RCSE

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद्

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, ब्लॉक–6, जवाहर लाल नेहरू मार्ग,जयपुर–302017
दूरभाष: 0141–2709846 E-mail: aspdrmsaraj@gmail.com

क्रमांक : रामाशिप / जय / मॉनी. / 2017–18 / 1062 दिनांक : 8/2/18

उप निदेशक / जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा
(प्रथम / द्वितीय) समस्त जिले

विषयः–माननीय प्रधानमंत्री महोदय द्वारा दिनांक–16.02.2018 को विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में ''परीक्षा के तनाव को कैसे कम करें'' विषय पर सीधा प्रसारण बाबत्।

सन्दर्भः–मानव संसाधन विकास मंत्रालय स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, नई दिल्ली पत्रांक–D.O.No-11ADC20Note/4/2018-/ADC(Acad) Dated: 05-2-2018 एवं शासन उप सचिव, प्राशि का पत्रांक प. 4(01)प्राशि / आयो / 2018 जयपुर दिनांक 06.02.2018

उपर्युक्त विषय एवं सन्दर्भित पत्र (संलग्न) के क्रम में लेख है कि मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिनांक–16.02.2018 को विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों से ''परीक्षा के तनाव को कैसे कम किया जावे ?'' विषय पर प्रातः 11:00 से 12:00 बजे वार्तालाप किया जायेगा।

इस सन्दर्भ में "Exam Warriors" नामक पुस्तक जिसके लेखक प्रधानमंत्री महोदय, हैं, का विमोचन श्रीमती सुषमा स्वराज, मा. विदेश मंत्री द्वारा मा. मानव संसाधन विकास मंत्री श्री प्रकाश जावडेकर, की उपस्थिति में दिनांक–03.02.2018 को किया गया।

प्रधानमंत्री महोदय द्वारा कक्षा छः से ऊपर के विद्यार्थियों से प्रातः 11:00 से 12:00 बजे वार्तालाप किया जावेगा। इसका सीधा प्रसारण दूरदर्शन द्वारा DD National, DD News, DD India, All India Radio (Medium Wave), All India Radio (FM Channel), Websites of PMO, MHRD, Doordarshan, My Gov.in & MHRD की Swayamprabha Channel, Youtube Channel पर भी सीधे प्रसारित होगा। अतः आप अपने जिले के अन्तर्गत आने वाले सभी विद्यालयों के कक्षा छः से ऊपर के विद्यार्थियों के लिए आवश्यक व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करावें ताकि सभी छात्र / छात्रा सीधा प्रसारण देख सकें।

यद्यपि अधिकतर विद्यालय टीवी एवं विद्युत कनेक्शन से सुसज्जित हैं तथापि ये सुनिश्चित कर लिया जावे कि टीवी एवं विद्युत (Generator/Inverter) की पर्याप्त वैकल्पिक

www.rajteachers.com

व्यवस्था हो ताकि आपके अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी विद्यालयों के विद्यार्थी प्रधानमंत्री महोदय के सीधे प्रसारण को देख/सुन सकें। टीवी प्रसारण के अलावा Edusat एवं अन्य Internet युक्त साधनों (Computer/ Laptop/ Mobile) की व्यवस्था भी होनी चाहिए। दूरस्थ इलाके जहाँ टीवी की व्यवस्था करना संभव नही है, वहाँ Radio/Transistors की व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करें।

राज्य के सभी विद्यार्थी प्रधानमंत्री महोदय से दिनांक 6.2.2018 (प्रातः 10.00 बजे) से दिनांक 11.2.2018 तक (दोपहर 12.00 बजे) पूछे जाने वाले प्रश्नों को वेबसाईट My Gov platform (https://innovate.mygov.in/pm-interaction-with-students/) पर अपने अपने प्रश्न सबमिट (Submit) कर सकते हैं। चयनित प्रश्नों को कार्यक्रम में शामिल किया जायेगा।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु RMSA से Fund का उपयोग किया जा सकता है।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जावे।

(सुरेश चन्द्र)
अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक

www.rajteachers.com

क्रमांक : रामाशिप/जय/मॉनी./17–18/1062 दिनांक : 8-2-18

प्रतिलिपि– सूचनार्थ ।

1. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक महोदया, रामाशिप, जयपुर।
2. निजी सचिव, शासन उप सचिव, प्राशि, (आयोजना)।
3. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्यक, रामाशिप (समस्त जिले)को देकर लेख है कि उक्तानुसार कार्यवाही करवाना सुनिश्चित करें।
4. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक, मोनिटरिंग

क्रमांक

कार्यालय अति जिला परियोजना समन्वयक
मूल ही देकर लेख है कि सभी संस्थाप्रधान
उपरोक्तानुसार कार्यवाही करे।

9.2.18